नई दिल्ली, शुक्रवार
28 अगस्त, 2020
नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

जेईई, नीट कराने के लिए सरकार पूरी तरह तैयार 11
रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पूरे हिंद क्षेत्र के लिए अहम: पीएम 11

सिद्धार्थ विहार व गाजियाबाद से दिल्ली नोएडा का सफर होगा आसान

कॉलोनी से एक्सप्रेस-वे को जोड़ने के लिए बनाई जाएगी सर्विस रोड

सौरभ पांडेय ● साहिबाबाद

सिद्धार्थ विहार और गाजियाबाद से दिल्ली जाने वाले लाखों लोगों का सफर जल्द ही बेहद आसान और जाम से मुक्त होने जा रहा है। आवास विकास परिषद सिद्धार्थ विहार की 50 मीटर रोड और सर्विस रोड का निर्माण जल्द ही शुरू करने जा रहा है। करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से सर्विस रोड और अप्रोच रोड को बनाया जाएगा। सितंबर के अंत तक काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद वाहन चालकों का गंतव्य तक पहुंचने में समय बचेगा।

आवास विकास परिषद के अधिकारियों के अनुसार सिद्धार्थ विहार की मुख्य सड़क का निर्माण शुरू कर इसे दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे से जोड़ दिया जाएगा। इस रोड से वाहन चालक आसानी से दिल्ली से गाजियाबाद में एंट्री कर सकेंगे। वहीं यू-टर्न लेकर आसानी से दिल्ली पहुंच सकेंगे। आवास विकास परिषद की सिद्धार्थ विहार योजना को 50 मीटर रोड दो हिस्सों में बांटती है। इस रोड के एक ओर सेक्टर-एक, तीन, पांच, सात और नौ हैं। दूसरी ओर सेक्टर दो, चार, छह, आठ दस हैं। यह 50 मीटर रोड लंबे समय से खस्ताहाल थी। अब आवास विकास परिषद ने करीब सवा तीन करोड़ की लागत से इस सड़क का निर्माण शुरु करवाने साथ ही रोड को एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए अप्रोच रोड भी बनाने का निर्णय लिया है। लॉकडाउन से पहले ही इसका टेंडर जारी किया गया था।

काम शुरू करने के बाद रोक दिया गया था। अब बरसात के बाद सितंबर की शुरुआत से इसका काम शुरू करने का निर्णय लिया गया है। इसे सितंबर के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। परिषद की अप्रोच रोड एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड से जुड़ेगी। 50 मीटर रोड परिषद की सिद्धार्थ विहार योजना के अंदर ही बनी है। अब इसे अप्रोच रोड के माध्यम से एक्सप्रेस-वे पर जोड़ दिया जाएगा।

सिद्धार्थ विहार की निर्माणाधीन सर्विस रोड ● जागरण

> सिद्धार्थ विहार की 50 मीटर रोड को अप्रोच रोड के माध्यम से दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे से जोड़ा जाएगा। बरसात के बाद इसका काम शुरू होगा। इसे एक माह में पूरा कर वाहन चालकों के लिए खोल दिया जाएगा। इससे सिद्धार्थ विहार से दिल्ली, नोएडा और मेरठ जाना आसान हो जाएगा।
>
> **- अतुल कुमार सिंह,** अधिशासी अभियंता आवास विकास परिषद।